चौड़मस्तपुर पालीटेक्निक में लगे स्वास्थ्य शिविर में फोर्टिस के डाक्टरों ने किया चेकअप

18 डाक्टरों ने 1825 लोगों को जांचा

भास्कर न्यूज | अम्बाला सिटी

अम्बाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को शिव गोरखनाथ बहुतकनीकी संस्थान चौड़मस्तपुर में चिकित्सा शिविर लगाया, जिसमें रिकार्ड संख्या में 1825 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में फोर्टिस के एवं चिल्ड्रन अस्पताल के 18 डाक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी ने किया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डा. गौरव आहूजा, डा. एसएस आहलूवालिया और नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा की टीम ने शिविर में आए लोगों की आंखों और दांतों का निरीक्षण किया। सोसाइटी सचिव एसडी गौतम ने बताया कि शिविर में 145 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन के लिए पहचान की गई। यह ऑपरेशन डा. पीसी शर्मा द्वारा निशुल्क किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 450 लोगों को चश्मे निशुल्क वितरित किए गए, जबकि 250 लोगों के ईसीजी, 300 लोगों के शुगर, 60 लोगों की ईको और 90 लोगों की हड्डियों की ताकत की जांच से संबंधित बीएमडी टेस्ट भी निशुल्क किए गए। शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों को सभी आवश्यक दवाइयां सोसाइटी ने निशुल्क उपलब्ध करवाईं। शिविर में फोर्टिस अस्पताल मोहाली की हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अरुण कोछड़, डा. सुनीता चंद्रन, चर्म रोग विशेषज्ञ सुरुचि गुप्ता, कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ डा. अनीश गुप्ता, डा. इशिता, अजीम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. गौरव, डा. विवेक कोछर, डा. नीलम डोगरा, डा. विवेकशील मल्होत्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की।

अम्बाला सिटी | चौड़मस्तपुर पालीटेक्निक में लगाए गए शिविर में शक्ति रानी शर्मा पंजीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

रक्तदान कर किया आंबेडकर को नमन

साहा | डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में केसरी की वैश धर्मशाला में रविवार को लगाए रक्तदान शिविर में जिला ग्रामीण संगठन भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के 22 पदाधिकारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन संगठन के पदाधिकारी अवतार सिंह ने स्वयं रक्तदान कर किया। रेडक्रास सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद ने रक्तदान करने वालों को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। साहब सिंह ने 10वीं बार, अवतार सिंह ने 7वीं बार, हरपाल सिंह, राकेश, सतपाल, रमेश चंद, सुखचैन, अमित, संजय, रोहित व विरेंद्र सिंह ने प्रथम बार रक्तदान किया। जिला युवा विकास संगठन के नरेश मित्तल व तरुण कौशल ने रक्तदानियों का हौसला बढ़ाया। संगठन के प्रधान विक्रम दत्त, राकेश, दर्शन सिंह, रणबीर, रोहित ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।

साहा | डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में केसरी की वैश धर्मशाला में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया।